get ready QUEENSLAND

# अपने पालतू जानवरों के लिए आपातकालीन योजना बनाएँ

Queensland Government

**क्वीन्सलैंड में हमें उम्दा जलवायु और जीवनशैली प्राप्त है। लेकिन, प्राकृतिक खतरे जैसे कि चक्रवात, तूफान और बाढ़ जैसी कुदरती विपदाएँ हमारे पर्यावरण की एक अवश्यंभावी पहलू हैं। इतिहास दिखाता है कि हम इनके खतरों के प्रति उदासीन नहीं रह सकते।**

**अभी समय निकालकर आपात-स्थितियों के लिए उपाय करें और:**

- अपने घर को तैयार करें;
- अपने पालतू जानवर के लिए आपातकालीन योजना और पालतू जानवर आपातकालीन किट बनाएँ;
- अपना घरेलू आपातकालीन किट बनाएँ;
- अपने घर को खाली करने की तैयारी करें और अपना आपातकालीन किट बनाएँ, और;
- चेतावनियों के प्रति सजग रहें।

जिस तरह हमें अपने परिवार और घर को आपात स्थिति या विपदा के लिए तैयार करना आवश्यक है, उसी तरह हमें अपने पालतू जानवरों को भी तैयार करना आवश्यक है। आपके पालतू जानवर आपके घर-गृहस्थी के अंग हैं। अभी समय निकालकर तैयारी करके आप सुनिश्चित कर सकेंगे कि उनकी जरूरतों को भी घरेलू तैयारी की योजना में शामिल किया जाता है और वे स्वस्थ और सुरक्षित रहते हैं।

यद्यपि अलग-अलग जानवरों की आवश्यकताएँ अलग-अलग होंगी, फिर भी आपको अपनी परिस्थितियों और क्षेत्र के लिए सर्वोत्तम योजना निश्चित करनी होगी।

अपने स्थानीय परिषद और अन्य अभिकरणों से पूछकर संभावित खतरों के बारे में, स्थानीय आपातकालीन योजनाओं और प्रमुख आपात स्थितियों और विपदाओं के लिए अस्थायी जानवर सुरक्षा बाड़े की व्यवस्था कहाँ की गई है, इसके बारे में जानकारी प्राप्त करें।

### तैयार रहें

यदि जानवरों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने का विचार हो, तो देरी न करें ताकि अनावश्यक जोखिमों से बचा जा सके। अपने पालतू जानवर को किसी अस्थायी शरण-स्थल में ले जाना संभव नहीं भी हो सकता है - इसलिए पहले से ही योजना बना लें और तैयार रहें।

- आपात स्थिति से पहले ही जानवरों को अंदर बाँध दें, ताकि वे डरकर भाग न जाएँ।
- जानवरों को सुरक्षित स्थान में ले जाने के लिए सुरक्षित कैरियर/पिंजड़े या पट्टे का उपयोग करें।
- सुनिश्चित करें कि जानवर को सभी आवश्यक टीके लगा दिए गए हैं।
- आपके पालतू जानवर को आपात स्थिति वाले क्षेत्र से दूर किसी सुरक्षित परिवेश में रख देना संभव हो सकता है।
- यदि आप अपने पालतू जानवर को किसी अस्थायी पालक के घर में छोड़ सकते हों, तो सुनिश्चित करें कि आपके पालतू जानवर की दवाओं और आहार से संबंधित सूचनाएँ,तथा उनका भोजन, दवाएँ और अन्य ज़रूरी चीज़ें अस्थायी पालक के यहाँ उन पालतू जानवरों के साथ ही पहुँचा दी जाएँ
- सुनिश्चित करें कि पालतू जानवर को ठीक से पहचाना गया है। याद रखें- विपदाओं के समय टेलिफोन की सुविधा अनुपलब्ध रह सकती है और यह ज़रूरी है कि पालतू जानवर का पंजीकरण करते समय आपका वर्तमान पता दिया गया है।
- आपके पालतू जानवर का एक हाल का फोटोग्राफ अपने पास रखें। यह आपको उसके कानूनी मालिक के रूप में पहचानने में मदद कर सकता है।

### सहायता करनेवाले प्रशिक्षित कुत्ते

अधिकांश मामलों में सहायता करनेवाले प्रशिक्षित कुत्तों को आपातकालीन शरण-स्थलों में उनके मालिकों के साथ रहने दिया जाएगा। जिन कुत्तों को स्वीकृति मिलती है, उनकी समुचित पहचान और उनके टीकाकरण का प्रमाण देना आवश्यक होगा। अधिक जानकारी के लिए स्थानीय परिषद से पूछें।

### यदि आपका पालतू जानवर कुत्ता अथवा बिल्ली न हो, तब?

यद्यपि अधिकतर घरेलू जानवर कुत्ता, बिल्ली या पक्षी होते हैं, सुझाई गई जानवरी सभी प्रकार के पालतू जानवरों के लिए आपातकालीन योजना बनाने हेतु उपयोगी है।

यदि आपका घरेलू जानवर इन वर्गों में नहीं आता हो, अर्थात, यदि वह मछलीघर, सरीसृप, छोटे मवेशी (सूअर, मुर्गियाँ, बकरियाँ, घोड़े, गाय, भेड़), तो विशेषीकृत अभिकरणों से संपर्क करें, उदाहरण के लिए, क्वीन्सलैंड प्राथमिक उद्योग और मछलीपालन (ढोर-मवेशी), आरएसपीसीए, आपके जानवर का पशु-चिकित्सक या पालतू जानवर बेचनेवाला स्थानीय विक्रेता जो आपको आपात स्थितियों की योजना बनाने के लिए विशिष्ट परामर्श दे सकेंगे।

### पालतू जानवर आपातकालीन किट

सुनिश्चित करें कि आपका पालतू जानवर आपातकालीन किट तक आसानी से पहुँचा जा सकता है तथा उसमें निम्नलिखित वस्तुएँ शामिल हैं:

- पालतू जानवर की दवाएँ (दो सप्ताहों तक की खुराक), चिकित्सा और टीकाकरण के अभिलेख और पशु-चिकित्सक का विवरण।
- प्रत्येक जानवर के लिए पर्याप्त आहार (जिसमें उनकी पसंद की चीज़ें भी शामिल हैं) और पानी (उदा., बोतलबंद) - दो सप्ताह तक के लिए। यदि टिन में बंद आहार हो, तो कैन-ओपनर रखना मत भूलें।
- पालतू जानवर की पसंदीदा कम्बल या बिस्तर, खिलौने और उसे सँवारने के उपकरण।
- जानवरों को सुरक्षित स्थान में ले जाने के लिए सुरक्षित कैरियर/पिंजड़ा या पट्टा।
- अपने जानवर के शौच संबंधी आवश्यकताओं को भी ध्यान में रखें, जो उनके (तथा आपके भी) स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, उदा., अखबार, कागज़ तौलिए, रोगाणु-मुक्त करनेके साधन, उनके मल को डालने के लिए थैलियाँ।
- पक्षियों के लिए रोज़ भोजन करना आवश्यक होता है - उनके पिंजड़े में आहार और पानी वितरित करनेवाला उपकरण शामिल करें और पिंजड़े को ढकने के लिए कोई चीज़ रखें।
- महत्वपूर्ण फोन नंबर, जैसे पशु-चिकित्सक, पालतू जानवर से संबंधित सूचनाएँ और परामर्श देनेवाली सेवाएँ।
- पहचान करने की विधियों के ब्योरे।
- पहचान को सुगम बनाने के लिए हाल का एक फोटोग्राफ।

**हमेशा सुनिश्चित करें**

- **आपके पालतू जानवर को पर्याप्त भोजन और ताज़ा पानी मिलता है।**
- **आपके पालतू जानवर को शरण-स्थल और बिस्तर मिलता है।**
- **आपकी देखरेख में जो भी जानवर हों, उन सबको ठीक से और आसानी से पहचाना जा सकता है।**
- **आपके पास आपके पालतू जानवर के पशु-चिक्तसक/स्थानीय पशु कल्याण अभिकरण के फोन नंबर हैं, और ये नंबर आपके घरेलू आपातकालीन किट में भी मौजूद हैं।**
- **कभी भी आप किसी जानवर को बिना आश्रय और बिस्तर के बँधी अवस्था में या जंजीरों में नहीं छोड़ेंगे।**
- **कभी भी आप किसी जानवर को मोटर वाहन में नहीं छोड़ेंगे।**

**आपात स्थितियों के लिए तैयारी करने के बारे में अधिक जानकारी हेतु इस वेबसाइट में पधारें - www.disaster.qld.gov.au**

यह सूचनापत्र केवल जानकारी के लिए है और इसे नेक इरादे से उपलब्ध कराया गया है। किसी के भी द्वारा इस सूचनापत्र में दी गई जानकारी पर निर्भर करने से सीधे अथवा परोक्ष रूप से किसी को भी होने वाली क्षतियों या नुकसानों (जिनमें परिणाम स्वरूप होने वाली क्षति या नुकसान शामिल हैं) के लिए सामुदायिक सुरक्षा, आपातकालीन प्रबंध विभाग क्वीन्सलैंड और राज्य आपातकालीन सेवा किसी भी तरह से उत्तरदायी नहीं होंगे।

© 2011 Department of Community Safety

# अपने पालतू जानवरों के लिए आपातकालीन योजना बनाएँ

Queensland Government

## पालतू जानवर आपातकालीन किट स्मरणिका (प्रत्येक जानवर के लिए)

| | | | |
|---|---|---|---|
| पहचान करने के ब्योरे | | बिस्तर, खिलौने | |
| दवाएँ | | सँवारने के उपकरण | |
| | | आहार, कैन-ओपनर | |
| | | पानी और पानी-दानी | |
| टीकाकरण के अभिलेख | | सुरक्षित कैरियर/पिंजड़ा, पट्टा, साज़ | |
| पशु-चिकित्सक के ब्योरे | | शौच की आवश्यकताएँ | |

## पालतू जानवर से संबंधित चिकित्सकीय जानकारी

| नाम | दवा | खुराक और कब-कब देना है |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |

## महत्वपूर्ण फोन नंबर

| | |
|---|---|
| पशुओं का चिकित्सकीय आपात-स्थिति केंद्र | |
| आरएसपीसीए<br>खो गए या पाए हुए जानवर की सूचना देने के लिए, 1300 363 736 | 1300 animal<br>1300 264 625 |
| स्थानीय पशु कल्याण अभिकरण | |
| पशु-चिकित्सक | |
| पुलिस, अग्नि-शमन, ऐंबुलेन्स (तभी फोन करें जब आपको लगे कि आपात स्थिति के कारण जान को खतरा है, या किसी की स्थित गंभीर या शोचनीय है) | आपात स्थितियाँ: 000 तीन शून्य (मोबाइल से 112) |
| राज्य आपातकालीन सेवाएँ (एसईएस) | 132 500 |
| स्थानीय परिषद | |
| पालतू जानवर बीमा प्रदाता | |
| पालतू जानवर सूचना एवं परामर्श सेवाएँ | |
| कार्यस्थल | |
| कार्यस्थल | |
| पड़ोसी | |
| पड़ोसी | |

## घरेलू संपर्क की सूचनाएँ

| नाम | मोबाइल नंबर | ईमेल पता |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

## नामांकित घरेलू आपातकालीन संपर्क

| | |
|---|---|
| आस-पास का संपर्क नाम | |
| पता | |
| घर/कार्यस्थल के फोन नंबर | |
| ईमेल पता | |
| शहर के बाहर का संपर्क नाम | |
| पता | |
| लैंडलाइन/मोबाइल नंबर | |
| ईमेल पता | |

यह सूचनापत्र केवल जानकारी के लिए है और इसे नेक इरादे से उपलब्ध कराया गया है। किसी के भी दवारा इस सूचनापत्र में दी गई जानकारी पर निर्भर करने से सीधे अथवा परोक्ष रूप से किसी को भी होने वाली क्षतियों या नुकसानों (जिनमें परिणाम स्वरूप होने वाली क्षति या नुकसान शामिल हैं) के लिए सामुदायिक सुरक्षा, आपातकालीन प्रबंध विभाग क्वीन्सलैंड और राज्य आपातकालीन सेवा किसी भी तरह से उत्तरदायी नहीं होंगे।

**आपात स्थितियों के लिए तैयारी करने के बारे में अधिक जानकारी हेतु इस वेबसाइट में पधारें - www.disaster.qld.gov.au**